शिविर — कला और व्यक्तित्व विकास का अनूठा संगम, बच्चों ने दिखाया जोश

# उत्साह और उमंग के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर का आगाज





**नवभारत, जबलपुर।** महाराष्ट्र हाई स्कूल परिसर रंग-बिरंगी गतिविधियों और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा, जब सोमवार से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। 15 जून तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों के उत्साह और ऊर्जा ने माहौल को जीवंत बना दिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र जामदार ने बच्चों के बीच पहुंचकर इस पहल को उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पहले ही दिन शिविर में बच्चों के चेहरे पर खुशी और ऊर्जा देखने को मिली। कार्यक्रम में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के सचिव प्रमोद पाठक, अनिल मोघे, महिला एवं बाल विकास विभाग से संयुक्त संचालक सुश्री कविता येडे, बाल भवन संचालक सुश्री शिवानी मौर्य सहित कई गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया।

### विविध विधाओं का दिया जाएगा प्रशिक्षण

शिविर में बच्चों को नृत्य, संगीत, वादन, अभिनय, चित्रकला, ध्यान योग, मार्शल आर्ट, कैलीग्राफी और लोक नृत्य जैसी विविध विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। विषय विशेषज्ञों में संगीता डोडानी, माधुरी मानवानी, महेश कुमार सिंह, प्रियंका साहू, इंद्र पांडे, राजेंद्र विश्वकर्मा, रूपवती पटेल, देवेंद्र यादव, सौरभ वंशकार, डॉ. बैजनाथ गौतम, अक्षय सिंह ठाकुर, आयुष राठौर, आयुष रजक और प्रद्युम्न कायंदे शामिल हैं।

### मंच पर दिखी प्रतिभा की झलक

उद्घाटन के दौरान ही बच्चों ने अपनी-अपनी रुचियों के प्रति उत्साह जाहिर किया। वातावरण में संगीत की मधुर धुनें, नृत्य की ताल और कला की रचनात्मकता साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में श्रीमती विजयलक्ष्मी अय्यर, मोहिनी मोघे, डॉ. रेणु पाण्डेय, डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, संध्या अग्रवाल, देवेंद्र यादव, सोमनाथ सोनी, पूर्णिमा चार्वेकर, सीता ठाकुर सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। इस दौरान अभिभावकों और बच्चों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

### इनका कहना है



मैंने आज पहले दिन गणेश जी की पेंटिंग बनाई, जिसमें बहुत मजा आया, रोज यहां पर बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा।

**भावेश बोबड़े**



यह शिविर बहुत मजेदार लग रहा है, मुझे पेंटिंग और क्राफ्ट बनाने का बहुत शौक है। शिविर में यहीं सीखूंगी।

**पूर्णा जैन**




आज हम सभी बच्चों ने पहले दिन पेंटिंग की, टीचर्स ने भी इनको बनाने में हम लोगों की मदद की।

**नैतिक बाशानी**



यहां इतने अच्छे टीचर्स हैं, पहले दिन बहुत ही अच्छा लगा। मैं एक्टिंग और डांस में अच्छा करना चाहती हूं।

**नमामी असाटी**




# कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय आज समय की प्रमुख आवश्यकता : सूर्यनारायण

▸ आरएसएस के शताब्दी वर्ष में प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत जबलपुर महानगर द्वारा स्वयंसेवी संस्था (एन जी ओ) प्रमुख जनगोष्ठी का आयोजन कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय, जबलपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुरुद्ध मजुमदार, राज्य वन अनुसंधान अधिकारी रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुर्यनारायण पाण्डेय तथा विभाग संघचालक डॉ. कैलाश गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन से हुआ। अपने उद्बोधन में सुर्यनारायण पाण्डेय ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य, संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरणादायी जीवन तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उस समय की सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए हिंदू समाज के संगठन एवं राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में संघ की स्वीकार्यता समाज के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही है। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज जागरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं सद्भाव, स्व के भाव का जागरण, नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता तथा कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय आज समय की प्रमुख आवश्यकता हैं। मुख्य वक्ता ने कहा कि संगठित, संस्कारित और जागरूक समाज ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जनगोष्ठी के दौरान उपस्थितजनों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन सुलोचना शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन धर्मेन्द्र यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज कुशवाहा, प्रदीप चतुर्वेदी, अरविंद श्रीवास्तव, भरत महरोलिया, आशीष इन्दुरखेया सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख एवं समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### सुन चंपा सुन तारा कोई जीता कोई हारा...

**जबलपुर, नवभारत।** स्वर्ण सरोवर गीतमाला द्वारा दत्तमंदिर गोलबाजार मे गीतों से भरी शाम का आयोजन किया गया जिसमे सीता देवी द्वारा गाया गया गीत सुन चंपा सुन तारा कोई जीता कोई हारा, ये कौन आया रोशन हो गई महफिल जिसके नाम से गाने ने श्रोताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया वही महेश कुमार के गीत दिल का आलम मैं क्या बताऊं तुम्हें, कोई ना कोई चाहिए प्यार करने के लिए विजय जाटव के गीत इन बहारों मे अकेले ना फिरो, तौबा ये मतवाली चाल झुक जाये फूलों की डाल, पुरुषोत्तम सराफ के गीत तेरा साथ है कितना प्यारा और प्यार कभी कम नहीं करना चाहे सितम कर लेना सुभाष खरे एवं रूमा बेनर्जी के गीतों में श्रोता झूमने लगे। इस अवसर पर प्रवीण दुबे, शेखर टिलवानी, महेश मेश्राम, सैकथ घोष, दीपक डेनिम आदि ने भी शानदार गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन साहित्यकार राजेश पाठक 'प्रवीण' एवं डा.पुरुषोत्तम सराफ ने किया।

### सशक्त हस्ताक्षर का राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 10 को

**नवभारत, जबलपुर।** साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था 'सशक्त हस्ताक्षर' का चतुर्थ वार्षिक उत्सव 10 मई को प्रात: 11 बजे से रात्रि तक कला वीथिका भंवरताल में आयोजित किया जा रहा है। सशक्त हस्ताक्षर के संस्थापक कविवर गणेश प्यासा ने बताया कि समारोह में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ सशक्त हस्ताक्षर स्मारिका, रजनी साहू मुंबई की कृति 'संवेत स्वर', डॉ. अन्नपूर्णा तिवारी मंडला की कृति 'सृजन मेरे भाव मेरे' के साथ अन्य कृतियों का विमोचन एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील विभूतियों का सम्मान किया जाएगा।समारोह संयोजक संगम त्रिपाठी ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे करेंगे। सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण एवं मुख्य अतिथि रजनी साहू मुंबई होंगी। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं साहित्य की विविध विधाओं पर संगोष्ठी भी होगी।

### 'इंडिया से भारत' पुस्तक का विमोचन आज

**नवभारत, जबलपुर।** नगर के प्रख्यात चिंतक, लेखक प्रशांत पोल की पुस्तक 'इंडिया से भारत: एक प्रवास' का विमोचन आज कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में सायं 5 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेंगे। आयोजन में शहर के बुद्धिजीवी, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता अपेक्षित है।

### मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन ने अथर्व को दी मेडिकल पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश के 19 वर्षीय छात्र अथर्व चतुर्वेदी को एमबीबीएस में प्रवेश मिलने के बाद अब उनकी मेडिकल शिक्षा का सफर और आसान हो गया है। मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन ने अपने मैक्स मेडिकल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। अथर्व ने नीट परीक्षा दो बार पास की और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में सभी पात्रता पूरी की, लेकिन निजी मेडिकल कॉलेजों में 10% ईडब्ल्यूएस कोटा लागू न होने के कारण उन्हें पहले प्रवेश नहीं मिल सका। इसके बाद उन्होंने स्वयं सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखा, जहां फरवरी 2026 में अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाते हुए प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हालांकि एमबीबीएस में दाखिला मिलने के बाद भी शिक्षा का खर्च उनके लिए बड़ी चुनौती था। इसी दौरान मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए उनकी कहानी सामने आने पर मैक्स हेल्थकेयर फाउंडेशन ने पहल करते हुए उन्हें छात्रवृत्ति सहायता देने का निर्णय लिया। फाउंडेशन की चेयरपर्सन तरुणा सोई ने कहा कि आर्थिक स्थिति किसी भी योग्य छात्र के डॉक्टर बनने के सपने में बाधा नहीं बननी चाहिए। वहीं, अथर्व चतुर्वेदी ने इस सहायता को अपने सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सहारा बताते हुए संस्था का आभार व्यक्त किया।

### सिक्ख समाज की बैठक आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** सिक्ख समाज की सिरमौर संस्था जबलपुर सिक्ख संगत रजि. की महत्वपूर्ण बैठक गुरुद्वारा सदर प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के विभिन्न मुद्दों,समस्याओं एवं समाज को एकजुट करने एवं संस्था के कुछ मूलभूत नियमों में आवश्यक संशोधन आदि विषयों पर सघन विचार विमर्श किया गया।

# माता मरियम अदृश्य रूप से जीवन को संभालती हैं : फादर जॉन

▸ फातिमा माता मरियम नवीना का शुभारंभ





**नवभारत, जबलपुर।** सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा माता मरियम तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति समारोह 2026 के अंतर्गत नौदिवसीय नवीना प्रार्थना का प्रथम दिन श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। पावन खीस्तयाग के मुख्य याजक होली ट्रिनिटी चर्च के पल्ली पुरोहित फादर जॉन वॉल्टर खालको ने प्रवचन में कहा कि माता मरियम अदृश्य रूप से भक्तों के जीवन को संभालती हैं और विपरीत परिस्थितियों में सहारा देती हैं, इसलिए उन्हें प्रेरितों की महारानी कहा जाता है।

उन्होंने बताया कि माता मरियम ने धैर्य, साहस, सादगी और आज्ञाकारिता के गुणों के साथ प्रभु येसु के जीवन के हर चरण में साथ निभाया और शिष्यों को भी एकजुट रखा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मोमबत्तियां जलाकर और पुष्प अर्पित कर प्रार्थना की। चैपलिन फादर बिपिन खालको ने सभी भक्तों से आगामी दिनों में मिस्सा पूजा और नवीना प्रार्थना में शामिल होने की अपील की। आयोजन की सुंदर सजावट और विभिन्न धर्मावलंबियों की उपस्थिति ने इसे आस्था के अद्भुत संगम में बदल दिया। उल्लेखनीय है कि 13 मई 1917 को पुर्तगाल के फातिमा गांव में माता मरियम के दर्शन की स्मृति में यह तीर्थस्थल विशेष श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है।

### 303वीं शताब्दी जयंती पर कीर्तन दरबार आज



**नवभारत, जबलपुर।** सिख धर्म के महान योद्धा जरनैल जस्सा सिंह रामगढ़िया की 303 वीं शताब्दी जयंती के अवसर पर रामगढ़िया एसोसिएशन जबलपुर के नेतृत्व में आज 5 मई को गुरुद्वारा प्रेमनगर में सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया है। इसमें रागी जत्था भाई नरिन्दर सिंह, वुमन सेल एवं भाई मोहिंदर पाल सिंह सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। समापन उपरांत गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। आयोजकों द्वारा उपस्थिति की अपील की गई है।



# पूर्णिमा पर 300 महिलाओं ने की सुहागलें

**नवभारत, जबलपुर।** जय माता दी भक्त परिवार द्वारा वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर आठवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य सुहागलें कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 300 से अधिक सौभाग्यवती महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थापक एवं डायरेक्टर शिल्पा तिवारी ने किया, जबकि डायरेक्टर जयंती पोद्दार, संरक्षिका अंजू भार्गव के साथ श्वेता दुबे, सुरभि, वर्षा, अनामिका, रुचि, सोनम, श्रद्धा, स्मिता, ज्योति, सागरिका, वंदिता, शिवानी और नताशा सहित अन्य महिलाओं ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। भजनों, वैदिक मंत्रोच्चार और भाव समर्पण से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और श्रद्धा ने कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल और यादगार बना दिया।

### ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने एड. संजीत



**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार तथा विधायक सुशील इन्दु तिवारी की सहमति से एड. संजीत अहिरवार को भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा, जबलपुर ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# निगमायुक्त ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों से स्वच्छता पर किया संवाद

▸ फीडबैक देने पर ग्राहकों को मिलेगी बिल में 10 प्रतिशत की छूट, होटल, अस्पताल और बिल्डर एसोसिएशन आये आगे



**नवभारत, जबलपुर।** जनभागीदारी से ही जबलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण प्रतियोगिता में नम्बर 1 बनाया जा सकता है। शहर की रैंकिंग सुधारने में आम नागरिकों और ग्राहकों का सकारात्मक फीडबैक अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बातें निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के उद्देश्य से मानस भवन स्थित बोर्ड रूम में हुई बैठक में कहीं। बैठक में शहर के होटल, मेडिकल और बिल्डर एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारियों ने भाग लिया। निगमायुक्त ने बैठक में उपस्थित सभी एसोसिएशनों से सिटीजन फीडबैक में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया। बैठक में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए आश्वस्त किया कि जो ग्राहक स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर के लिए सकारात्मक फीडबैक देंगे, उन्हें उनके बिल में 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को फीडबैक प्रक्रिया से जोड़ना है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने घोषणा की है कि वे अपने-अपने संस्थानों में आने वाले ग्राहकों और मरीजों को अपने स्तर पर विशेष रियायत व छूट देंगे, जो स्वच्छता फीडबैक के लिए प्रेरित करेगी। होटल एसोसिएशन ने शहर के 5 और मेडिकल एसोसिएशन ने 6 आर.आर.आर. सेंटरों के संचालन का जिम्मा उठाने का आश्वासन दिया। इन सेंटरों पर एसोसिएशन के सहयोग से पुरानी पुस्तकें, खिलौने, कपड़े और अन्य उपयोगी सामग्री दान करने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई गई।

### जब कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं तब शहर स्वच्छता मॉडल बन उभरता है

निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी एसोसिएशनों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जब व्यावसायिक और सामाजिक संगठन प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हैं, तभी शहर स्वच्छता मॉडल के रूप में उभरता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रोत्साहनों से नागरिक फीडबैक की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी होगी। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, देवेन्द्र सिंह चैहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन एवं एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि — बरगी बांध क्रूज हादसे के बाद शहर में जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# कहीं मोमबत्ती जलाकर तो कहीं मौन रहकर दे रहे दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि




**नवभारत, जबलपुर।** बरगी बांध में क्रूज़ के डूबने से हुई दर्दनाक दुर्घटना और पर्यटकों की अकाल मृत्यु पर शहर में जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मलौनीगंज व्यापारी संघ द्वारा मिलौनीगंज चौराहे पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष अमित जैन के आह्वान पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संरक्षक राकेश डी.पी. पाठक, समाजसेवी एवं पार्षद मनोज सेन, जीवन अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आशीष असाटी, राहुल अग्रहरि, लवकुश अग्रवाल, आनंद जैन, आलोक गुप्ता, मनोज पाठक, प्रभात जैन, संजय जैन, चौहान, राजू गुप्ता, संदीप गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### दुर्घटना पीड़ितों की शांति और संबल के लिए सामूहिक प्रार्थना



'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना को साकार करते हुए इरा नंदिनी कायस्थ वूमेन क्लब द्वारा पाठ बाबा स्थित हनुमान जी के चरणों में संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेष रूप से बरगी क्रूज दुर्घटना से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को मानसिक शांति व आध्यात्मिक संबल प्रदान करने हेतु समर्पित रहा।कार्यक्रम में शिवहरि श्रीवास्तव, राजीव लाल श्रीवास्तव, समाजसेवी धीरेश खरे,क्लब की अध्यक्ष शीतल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपाध्यक्ष अंशुल वर्मा, प्रीति विनय सक्सेना, शशि श्रीवास्तव, रुचि श्रीवास्तव, मनीषा श्रीवास्तव, निधि श्रीवास्तव, राजश्री खरे, निधि खरे आदि उपस्थित रहे।

### झारिया समाज ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



बरगी डेम क्रूज़ हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को झारिया समाज संगठन इकाई द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सामाजिक महिला मंडल भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कैंडल जलाकर मृत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर संगठन के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन झारिया, सुरेश झारिया, रमेश झारिया, सुखदेव झारिया, मुन्ना झारिया, रमेश नोखे झारिया, डुमारी झारिया, सतीश झारिया, राजेश झारिया, सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।